अमर उजाला | नोएडा-ग्रेनो | amarujala.com

सेक्टर-142 से बॉटेनिकल गार्डन तक दौड़ेगी मेट्रो

नोएडा-ग्रेनो मेट्रो को दिल्ली मेट्रो से जोड़ने की तैयारी

ग्रेनो प्राधिकरण की 114वीं बोर्ड बैठक

एनएमआरसी को दिया डीपीआर का जिम्मा,

अमर उजाला ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। नोएडा-ग्रेनो मेट्रो लगातार घाटे का सौदा बनी हुई है। इसे मुनाफे में लाने के लिए दिल्ली से जोड़ना जरूरी है। इसे देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने सेक्टर-142 से बॉटेनिकल गार्डन मेट्रो को मंजूरी दे दी है। साथ ही डिपो स्टेशन को बोड़ाकी तक ले जाने का फैसला किया है।

शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 114वीं बोर्ड बैठक के बाद प्रेसवार्ता में ग्रेनो प्राधिकरण के चेयरमैन व मुख्य सचिव अनूपचंद पांडेय व सीईओ नरेंद्र भूषण ने बताया कि सेक्टर-142 से बॉटेनिकल गार्डन मेट्रो की वायबिलिटी, फिजिबिलिटी और डीपीआर तैयार कराने की जिम्मेदारी एनएमआरसी को दे दी गई है। दिल्ली से सीधी कनेक्टीविटी को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

दरअसल, बीते 25 जनवरी से नोएडा-ग्रेटर नोएडा मेट्रो चल रही है। इस मेट्रो से सफर करने वालों को नोएडा से ग्रेनो पहुंचने में करीब 50 मिनट का समय लग जाता है। जिसका किराया 50 रुपये है। जबकि बस से पहुंचने में 27 रुपये किराया और 30 से 35 मिनट का समय लगता है। नोएडा-ग्रेनो मेट्रो की सिटी सेंटर तक आने वाली दिल्ली मेट्रो से कनेक्टिविटी नहीं होने के कारण लोग इससे सफर से बचते हैं। इसे देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर 142 से ओखला पक्षी विहार तक मेट्रो रूट बनाकर दिल्ली से सीधी कनेक्टिविटी का निर्णय लिया है। प्रेसवार्ता के दौरान एसीईओ केके गुप्त व दीपचंद भी मौजूद रहे।

पांच साल पहले भी बनी थी डीपीआर

नोएडा प्राधिकरण ने करीब पांच साल पहले ही इसकी डीपीआर बनवा रखी है, जिसके अनुसार इस रूट की कुल लंबाई करीब 11 किलोमीटर होगी और 6 मेट्रो स्टेशन बनेंगे। इस रूट की शुरुआत सेक्टर-94 से होगी। इसके बाद सेक्टर-125, 98, 108 और 91 के बाद सेक्टर-142 आखिरी स्टेशन होगा, लेकिन अब प्राधिकरण नए सिरे से डीपीआर बनवाना चाह रहा है।

बोड़ाकी भी मेट्रो से होगा कनेक्ट

बोड़ाकी में मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब विकसित होना है। इसे देखते हुए वहां तक मेट्रो जल्द चलाने की तैयारी है। यह रूट करीब 3 किलोमीटर लंबा होगा। इसके बीच में दो से तीन मेट्रो स्टेशन होंगे। इसकी डीपीआर तैयार कराने की जिम्मेदारी भी एनएमआरसी को दी गई है। हालांकि इसका निर्माण शुरू करने व पूरा करने की कोई समयसीमा तय नहीं की गई है।

बजट पास 4260 करोड़ का बजट पास पिछले साल से 17% अधिक

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए 4260 करोड़ रुपये का बजट पास कर दिया है। पिछले साल की तुलना में यह 17 फीसदी अधिक है। इस बार के बजट में 600 करोड़ रुपये नोएडा एयरपोर्ट, मेट्रो व ग्राम विकास पर खर्च करने का प्रावधान किया गया है। बोर्ड बैठक के बाद आयोजित प्रेसवार्ता में ग्रेनो प्राधिकरण के चेयरमैन व मुख्य सचिव अनूपचंद पांडेय ने बताया कि बजट में नोएडा एयरपोर्ट के लिए 300 करोड़ रुपये तय किए गए हैं। अपने अंशदान के रूप में यह रकम ग्रेटर नोएडा देगा। नोएडा-ग्रेनो मेट्रो के लिए 100 रुपये का भुगतान ग्रेनो प्राधिकरण करेगा। ग्रामीण विकास पर 200 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

इस वित्तीय वर्ष विकास कार्यों पर 431 करोड़ और रखरखाव कार्यों पर 376 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस साल ग्रेनो की हरियाली बढ़ाने पर 20 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते मुख्य सचिव व चेयरमैन अनूपचंद पांडेय, सीईओ नरेंद्र भूषण व एसीईओ केके गुप्त।